सतना | सोमवार | 5 जनवरी 2026 | वर्ष 27 | अंक 124 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत 1934 से



5 अब क्यूबा पर ट्रंप ने दिखाए तेवर



6 ई-गवर्नेंस में मध्यप्रदेश के बढ़ते कदम



7 सेंसेक्स में अब तक 4 कंपनियों का दबदबा



8 17 साल के लामिने ने दागा निर्णायक गोल

# वेनेजुएला पर अमेरिका का कब्जा !

## बंदियों की तरह मादुरो और उनकी पत्नी को लाए न्यूयार्क

**वाशिंगटन, 04 जनवरी (वार्ता/शिन्हुआ) वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को लेकर रविवार तड़के (भारतीय समय अनुसार) एक विमान न्यूयॉर्क के एक सैन्य अड्डे पर पहुंचा. इन दोनों को शनिवार तड़के वेनेजुएला में हुए अमेरिकी सैन्य हमले के दौरान गिरफ्तार किया गया था. यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी.**

वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने सरकारी टेलीविजन चैनल पर प्रसारित राष्ट्रीय रक्षा परिषद के एक सत्र में राष्ट्रपति दंपति की तत्काल रिहाई की मांग की. उन्होंने कहा कि मादुरो वेनेजुएला के एकमात्र राष्ट्रपति हैं.

चीन ने अमेरिका की सैन्य कार्रवाई की कड़ी निंदा की और



मादुरो दंपति को तत्काल रिहा करने की मांग की. बीजिंग ने चेतावनी दी है कि किसी संप्रभु राष्ट्र के खिलाफ बल का ऐसा प्रयोग अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन है. चीनी विदेश मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में अमेरिका से वेनेजुएला की सरकार को अस्थिर करने की कोशिशें बंद करने और विवाद का समाधान बातचीत के जरिए निकालने का आग्रह किया गया है. बता दें कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोर्स को शनिवार सुबह वेनेजुएला के खिलाफ एक बड़े अमेरिकी सैन्य अभियान में पकड़ लिया गया था. इस दौरान अमेरिका ने वेनेजुएला पर कई मिसाइलें भी दागीं थी.

**ममदानी ने ट्रंप को फोन कर जताया विरोध:** न्यूयॉर्क के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सीधे फोन पर बात की है और कार्रवाई का विरोध जताया. वहीं अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के विरोध में रविवार को सैकड़ों लोग मैनहट्टन की सड़कों पर उतरे। यह मार्च वाशिंगटन, बोस्टन, लॉस एंजिल्स, अटलांटा, शिकागो और मियामी में निकाला गया.

### 'सही' बदलाव होने तक वेनेजुएला को फिलहाल अमेरिका चलाएगा : डोनाल्ड ट्रंप



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद वेनेजुएला को कुछ समय के लिए अमेरिका चलाएगा। उन्होंने कहा कि अस्थिरता को रोकने और देश के तेल इंफ्रास्ट्रक्चर को फिर से बनाने के लिए वॉशिंगटन को बदलाव की निगरानी करनी चाहिए।

### डेल्सी रोड्रिग्ज ने कार्यवाहक राष्ट्रपति का कार्यभार संभाला



वेनेजुएला के सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार उप राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने तत्काल प्रभाव से कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाल लिया है. यह आदेश अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व के तहत राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़े जाने के बाद आया . सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश कैरिस्लिया रोड्रिग्ज ने सरकारी टीवी चैनल वीटीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा था, राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के अपहरण से उत्पन्न असाधारण स्थिति को देखते हुए यह आदेश दिया जाता है कि गणतंत्र की कार्यकारी उपराष्ट्रपति कार्यवाहक क्षमता में राष्ट्रपति पद की सभी शक्तियों, कर्तव्यों और कार्यों को संभालें. यह निर्णय प्रशासनिक निरंतरता और राष्ट्र की व्यापक रक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है.

### भारत ने वेनेजुएला घटना को लेकर जताई चिंता

भारत ने रविवार को वेनेजुएला में हालिया घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताई है और कहा कि वह दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र में बदलती सुरक्षा स्थिति पर करीबी नजर रख रहा है. विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर वेनेजुएला के लोगों की भलाई और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी और सभी संबंधित पक्षों से बातचीत के जरिए संकट का शांतिपूर्ण समाधान निकालने, क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को बनाये रखने का आह्वान किया.

# कांग्रेस ने 5 राज्यों के लिए बनाई स्क्रीनिंग कमेटी

- प्रियंका गांधी को दी असम की जिम्मेदारी
- मिस्त्री, देव, हरिप्रसाद को दी गई जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, 04 जनवरी. कांग्रेस ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के लिए स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया है, जिन राज्यों में इस साल चुनाव होने हैं, उनमें केरल, असम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के साथ केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी भी शामिल हैं. यह समितियां इन चुनावी राज्यों में उम्मीदवारों के चयन का काम देखेगी.**

खास बात ये है कि कांग्रेस ने पार्टी महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को भी नई जिम्मेदारी दी है. पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस संबंध में सूचना जारी की है. स्क्रीनिंग कमेटी में सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम भी शामिल है, उन्हें असम की स्क्रीनिंग कमेटी का प्रमुख बनाया गया है. ये पहला मौका है, जब प्रियंका को किसी राज्य में





स्क्रीनिंग कमेटी की जिम्मेदारी सौंपी गई है. इसके साथ ही पार्टी की तरफ से मधुसूदन मिस्त्री को केरल, टीएस सिंह देव को तमिलनाडु और पुडुचेरी एवं बीके हरिप्रसाद को पश्चिम बंगाल की जिम्मेदारी दी गई है.

## एक नजर में



### जनरल उपेंद्र द्विवेदी का यूएई दौरा

**नई दिल्ली.** भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी रविवार को संयुक्त अरब अमीरात के आधिकारिक दौरे पर रवाना हो गए. यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब भारत और यूएई के बीच रक्षा और सामरिक सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है. इस दौरे का उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच आपसी समझ को गहरा करना, संयुक्त प्रशिक्षण को बढ़ावा देना और रक्षा साझेदारी को नई दिशा देना है। भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी का संयुक्त अरब अमीरात दौरा भारत-यूएई के बढ़ते रणनीतिक और रक्षा संबंधों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भारतीय सेना के अनुसार, जनरल द्विवेदी 5 और 6 जनवरी को यूएई के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों और रक्षा नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। इन बैठकों के दौरान सैन्य-स्तरीय संवाद, संयुक्त प्रशिक्षण, रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग और क्षमता निर्माण जैसे अहम विषयों पर विस्तृत चर्चा होने की संभावना है।

### बंदूकधारियों ने 30 को मौत के घाट उतारा


**अबुजा.** नाइजीरिया के उत्तरी नाइजर राज्य में हिंसा और असुरक्षा का एक और भयावह मामला सामने आया है. भारी हथियारों से लैस बंदूकधारियों ने एक दूरदराज गांव पर हमला कर कम से कम 30 ग्रामीणों की हत्या कर दी, जबकि कई अन्य लोगों का अपहरण कर लिया. यह घटना उस क्षेत्र में हुई है, जो लंबे समय से लगातार हिंसा और अपराध से जूझ रहा है. यह हमला नाइजर राज्य के बोरगु स्थानीय सरकारी क्षेत्र में स्थित कसुवान-दाजी गांव में हुआ. पुलिस के अनुसार, हमलावर अचानक गांव में घुस आए और निवासियों पर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दीं. इस हमले से गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए.

# तमिलनाडु की सरकार सबसे भ्रष्ट

## गृहमंत्री अमित शाह ने स्टालिन सरकार पर साधा निशाना

**पुदुक्कोट्टई, 04 जनवरी . केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह तमिलनाडु के दौरे पर हैं, जहां उन्होंने रविवार को पुदुक्कोट्टई में एक जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान अमित शाह ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि अगर पूरे भारत में कहीं सबसे भ्रष्ट सरकार है, तो दुर्भाग्य से वह तमिलनाडु में है.**

उन्होंने भविष्यवाणी की है कि अप्रैल में तमिलनाडु के अंदर एनडीए की सरकार बनने जा रही है. जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, अप्रैल 2026



में तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनेगी. उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में, भाजपा, एआईएडीएमके और हमारी सहयोगी पार्टियों के साथ मिलकर कांग्रेस और डीएमके को आखिरी टक्कर देने के लिए एक मजबूत गठबंधन बनाने जा रही है. डीएमके सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है. तमिलनाडु की मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि तमिलनाडु में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है. तमिलनाडु सरकार का सिर्फ एक ही मकसद है और वो है मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन को राज्य का मुख्यमंत्री बनाना. मैं तमिलनाडु के लोगों से कहना चाहता हूं कि तमिलनाडु में वंशवादी राजनीति का अंत करने का समय आ गया है. मुझे साफ दिख रहा है कि अप्रैल 2026 में एनडीए सरकार बनेगी.

# शिव ही सत्य और सनातन है : सीएम डॉ . यादव

- सोमनाथ ज्योतिर्लिंग रूद्र पूजा रविंद्र भवन में हुआ कार्यक्रम
- आर्ट ऑफ लिविंग और भोपाल मेला समिति ने किया आयोजन

**भोपाल , 04 जनवरी . आर्ट ऑफ लिविंग संस्था एवं भोपाल उत्सव मेला समिति की ओर से सोमनाथ ज्योतिर्लिंग रूद्र पूजा कार्यक्रम का आयोजन रवीन्द्र भवन मुक्ताकाश परिसर में किया गया. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे.**

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि भगवान श्रीमहाकाल और




ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग हमारे प्रदेश में विद्यमान है और प्रदेश की राजधानी भोपाल में मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है. बार-बार ध्वस्त होकर भी सोमनाथ का पुनर्निर्माण यह उद्घोष है कि शिव शाश्वत हैं, हमारी आस्था अडिग है और सनातन की चेतना अमर है. सोमनाथ हमारे आत्मबल, पुनर्जागरण और अविनाशी विश्वास का प्रतीक हैं. उन्होंने कहा कि शिव ही सत्य और सनातन हैं. पंच महाभूतों से बने हमारे शरीर का शिव ही सनातन संस्कृति की मूल अवधारणाओं से परिचय कराते हैं. शिव ही हमारे विकारों का संहार करते हैं. सनातन के विरोध का भाव रखने वाली संस्कृतियां, वर्तमान में स्वयं आतंरिक संकट से ग्रस्त हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी का आध्यात्मिक ज्ञान, उनकी आत्मीयता और मानवमात्र के प्रति प्रेम, सम्मानीय है. ( शेष पेज 2 पर )

# अश्लील कंटेंट बनाया तो अकाउंट होगा बंद : मस्क

**वॉशिंगटन, 04 जनवरी . सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (एक्स) के मालिक एलन मस्क ने रविवार को अवैध कंटेंट के खिलाफ कदम उठाने का ऐलान किया है.**

कंपनी ने स्पष्ट किया है कि प्लेटफॉर्म पर किसी भी प्रकार की गैर-कानूनी सामग्री अपलोड करने वालों के खिलाफ न केवल कड़ी कार्रवाई की जाएगी, बल्कि उनके अकाउंट भी बंद कर दिए जाएंगे. यह कदम विशेष रूप से एआई सेवा ग्रोक के माध्यम से अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री बनाने वाले यूजर्स के लिए



एक बड़ी चेतावनी है. यह मामला, भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय द्वारा 2 जनवरी को जारी किए गए एक नोटिस के बाद शुरू हुआ. सरकार ने एक्स को स्पष्ट निर्देश दिया था कि वह अपने प्लेटफॉर्म से सभी अश्लील, अभद्र और गैर-कानूनी कंटेंट को तुरंत हटाए.

### बारामूला में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

**बारामूला.** जम्मू कश्मीर के बारामूला में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. सुरक्षाबलों ने सुचलीवारन जंगल में एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया. एक टॉप पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की कि बारामूला में सुरक्षाबलों को मिली खास और भरोसेमंद जानकारी के आधार पर जॉइंट सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था. ऑपरेशन के दौरान, आतंकियों के एक ठिकाने का पता चला और बाद में उसकी अच्छी तरह से तलाशी ली गई. अधिकारी ने बताया कि ठिकाने से हथियार, गोला-बारूद और दूसरी चीजों का जखीरा बरामद किया गया.

# भागीरथपुरा में 20 नए मरीज मिले

**2354** घरों का सर्वे, 256 मरीजों की अस्पताल से छुट्टी

**142** मरीज अब भी भर्ती, 11 आईसीयू में

## इंदौर में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से फैली बीमारी के बाद स्वास्थ्य विभाग लगातार निगरानी कर रहा है. रविवार को क्षेत्र में 20 नए मरीज सामने आए, जबकि 256 मरीजों को इलाज के बाद अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई है. वर्तमान में 142 मरीज विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं, जिनमें से 11 मरीज आईसीयू में उपचाररत हैं. राहत की बात यह रही कि रविवार की शाम तक किसी मरीज की मौत की जानकारी नहीं आई है.**

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अब तक प्रभावित क्षेत्र के 2354 घरों का सर्वे किया जा चुका है, जिसमें 9416 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई. इस दौरान पुराने 429 मरीजों का फॉलोअप भी किया गया. ( शेष पेज 2 पर )

### क्षेत्र में 5 एंबुलेंस और 24 घंटे डॉक्टर तैनात

कलेक्टर के निर्देश पर क्षेत्र में 5 एंबुलेंस लगाई गई है और 24 घंटे डॉक्टर क्षेत्र में तैनात हैं. गंभीर मरीजों को एमवाय अस्पताल, अरविंदो अस्पताल और बच्चों को चाचा नेहरू अस्पताल रेफर किया जा रहा है. निजी अस्पतालों में उपचार कराने वाले मरीजों को भी निःशुल्क जांच और दवा उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने दिए हैं. उन्होंने मीडिया के माध्यम से नागरिकों से अपील की है कि वे उबला या शुद्ध पानी ही पिएं और लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें.

### आतंकी डॉक्टर के पास थी घोस्ट सिम

**श्रीनगर, 4 जनवरी .** आतंकी डॉक्टर उमर नबी समेत व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल के सदस्यों ने ब्लास्ट की साजिश रचने के लिए सिम क्लोनिंग व घोस्ट सिम कार्ड और एन्क्रिप्टेड ऐप्स पर आधारित एक जटिल और परिष्कृत वेब इस्तेमाल किया था. व्हाइट टेरर मॉड्यूल के अधिकांश सदस्य दो से तीन फोन या फिर दो से तीन सिम कार्ड इस्तेमाल कर रहे थे. मामले की जांच से जुड़े सूत्रों ने बताया कि व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल के अभी तक पकड़े गए सदस्यों और उनसे जुड़े संदिग्ध तत्वों से बरामद फोन व सिमकार्ड के डेटा आकलन के आधार पर यह सनसनीखेज जानकारी सामने आई है.

**टैलेंट की वैज्ञानिक पहचान** | 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का वर्चुअली उद्घाटन

# भारत खेलों का बन रहा है वैश्विक केंद्र : मोदी

**वाराणसी, 04 जनवरी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आयोजित 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का वर्चुअली उद्घाटन किया.**

स्थानीय डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित समारोह में एक हजार से अधिक खिलाड़ियों, उनके कोच को वर्चुअली संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद भारत का खेल मॉडल एथलीट-केंद्रित हुआ है. टैलेंट की वैज्ञानिक पहचान, आधुनिक प्रशिक्षण, पोषण और पारदर्शी चयन प्रक्रिया से खिलाड़ियों को



आगे बढ़ने का अवसर मिला है. आज देश का हर सेक्टर रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है और स्पोर्ट्स सेक्टर में भी बड़े रिफॉर्म्स हो रहे हैं.

नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्ट और खेलो भारत नीति 2025 जैसे प्रावधानों से सही टैलेंट को अवसर मिलेगा. खिलाड़ियों और कोच का उत्साह बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब केवल विकास का नहीं, बल्कि खेलों का भी वैश्विक केंद्र बन रहा है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी के वर्चुअल संबोधन के लिए आभार जताया.

उन्होंने कहा कि यह आयोजन काशी और उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है. बीते साढ़े ग्यारह वर्षों में देश ने अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी प्राचीन विरासत के साथ आधुनिक विकास का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है, जिस पर आज हर भारतवासी गर्व कर रहा है. मुख्यमंत्री ने चैंपियनशिप का विधिवत उद्घाटन करने के बाद खिलाड़ियों एवं भारी संख्या में उपस्थित खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों का स्वागत व अभिनंदन किया.

> इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम के विभिन्न खेल प्रभागों का अवलोकन किया तथा शूटिंग रेंज में मौजूद खिलाड़ियों से वार्ता भी की. इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, महापौर अशोक तिवारी, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, एमएलसी धर्मेन्द्र राय, कमिश्नर एस. राजलिंगम, ओलिंपियन मेडलिस्ट आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार आदि भी मौजूद रहे.

# भारत में टी-20 वर्ल्ड कप नहीं खेलेगा बांग्लादेश

**ढाका , 04 जनवरी . बांग्लादेश सरकार के सलाहकार और युवा एवं खेल मंत्रालय का कार्यभार संभाल रहे आसिफ नजरुल ने बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि बांग्लादेश क्रिकेट टीम टी20 वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत नहीं जाएगी. यह फैसला हाल ही में भारत और बांग्लादेश के बीच बढ़े राजनीतिक और सामाजिक तनाव के बाद लिया गया है.**

इस मुद्दे पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की आपात बैठक बुलाई गई थी, जिसमें खिलाड़ियों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर गंभीर चर्चा हुई. बैठक के बाद यह तय किया गया कि मौजूदा हालात में भारत की यात्रा करना सुरक्षित नहीं है. इस पूरे विवाद की शुरुआत तब हुई जब बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स से हटा दिया गया.



बांग्लादेश के कार्यवाहक खेल मंत्री का बड़ा बयान